

नवभारत
भोपाल, रविवार, 19 अप्रैल 2026


# पुलिस ने किया साइबर फ्रॉड गिरोह का पर्दाफाश

**▸ फर्जी लिंक भेजकर खाते से निकाल लिए थे 95 हजार रुपए**



**नर्मदापुरम, 18 अप्रैल. पुलिस ने एपीके फाइल के जरिए ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर 3 आरोपियों को देवघर (झारखंड) से गिरफ्तार किया है. आरोपियों ने वॉट्सएप पर फर्जी लिंक भेजकर मोबाइल हैक किया और एक व्यक्ति के खाते से 95 हजार रुपए निकाल लिए थे. पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया, मामले की जांच जारी है.**

दरअसल संगठित साइबर फ्रॉड गिरोह का सरगना 19 वर्षीय युवक था. एसपी साईं कृष्णा एस थोटा ने प्रेसवार्ता में बताया कि सरगना सहित तीन आरोपियों को झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किया है. यह गिरोह एपीके फाइल के माध्यम से लोगों के मोबाइल हैक कर बैंक खातों से पैसे उड़ाने का काम करता था. फरियादी निजाम उल हक उम्र 30 वर्ष निवासी सदर बाजार नर्मदापुरम के वॉट्सएप पर 28 जनवरी को एक फर्जी आरटीओ चालान से जुड़ी एपीके फाइल आई. अनजाने में उस फाइल को क्लिक करने के बाद मोबाइल पूरी तरह हैक हो गया. 2 दिन में उनका सिम कार्ड बंद हो गया था और उनके बैंक खातों से लगभग 95 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी हो गई. जिसकी रिपोर्ट उन्होंने 12 मार्च को थाना कोतवाली में दर्ज कराई. पुलिस ने तकनीकी जांच और डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर झारखंड से आरोपी अरुण मेहरा 48 वर्ष, पवन मेहरा और ललन कुमार 19 वर्ष सभी निवासी ग्राम धुंधुवाजोरी, थाना सारठ, जिला देवघर को गिरफ्तार किया.

### ठगी का यह तरीका

आरोपी ठगी का खतरनाक तरीका अपनाते थे.यह गिरोह बेहद चालाकी से साइबर फ्रॉड करता था. पहले किसी व्यक्ति का वॉट्सएप अकाउंट हैक करते थे,उसके संपर्कों को एपीके फाइल भेजते थे, जैसे ही कोई व्यक्ति फाइल डाउनलोड करता था. उसका मोबाइल का रिमोट कंट्रोल उनके पास चला जाता था. जिसके बाद ओटीपी और बैंक डिटेल्स चुरा लेते थे. फिर खाते से पैसे ट्रांसफर कर लेते थे. यह मामला साफ दिखाता है कि साइबर फ्रॉड के तरीके लगातार खतरनाक होते जा रहे हैं. थोड़ी सी लापरवाही से बड़ा आर्थिक नुकसान हो सकता है. सतर्क रहना ही सबसे बड़ा बचाव है.

**ये सावधानियां रखें**

- अंजान एपीके फाइल या लिंक पर क्लिक न करें.
- मोबाइल में केवल विश्वसनीय एप ही इंस्टॉल करे.
- ओटीपी या बैंक जानकारी किसी से साझा न करें.
- साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें,या नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करें.
- नर्मदापुरम सायबर हेल्पलाइन नंबर 7049126590 पर सूचना दे.

इस मामेल में एसडीओपी जितेंद्र पाठक,निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर, उपनिरीक्षक जितेंद्र चौहान, सउनि रेवाराम गायकवाड, प्रधान आरक्षक अनिल यदुवंशी, अविनाशी हारोड़े, संदीप यदुवंशी आर दीपेश सोलंकी, रवि कुशवाह, प्रशांत राजपूत, रामकुमार वर्मा एवं वैभव श्रीवास्तव की भूमिका सराहनीय रही.

# नर्मदापुरम में गूंजा परशुराम जी का जयघोष




**▸ शोभायात्रा निकली, जगह-जगह किया स्वागत**

**नर्मदापुरम, 18 अप्रैल. भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव को इस वर्ष अत्यंत भव्यता और आस्था के साथ मनाया जा रहा है. अक्षय तृतीया के पावन अवसर के पहले पूरे शहर में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला.**

जन्मोत्सव के पूर्व शनिवार को सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा एक विशाल और आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसकी शुरुआत सेठानी घाट से हुई. यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों-सेंट्रल बैंक, सराफा बाजार, इंदिरा चौक और सातरास्ता से गुजरते हुए पुन: सेठानी घाट पर आकर संपन्न हुई. शोभायात्रा प्रारंभ होने से पहले श्रद्धालुओं ने विधिवत नर्मदा नदी एवं भगवान परशुराम का पूजन-अर्चन कर आयोजन का शुभारंभ किया.

पूरे मार्ग में भक्ति गीत, जयकारों और उत्साहपूर्ण माहौल ने हर किसी को भावविभोर कर दिया. शोभायात्रा में भगवान परशुराम राम की मूर्ति आकर्षण का केंद्र रही. जगह-जगह मूर्ति पर पुष्पवर्षा की गई. भव्य शोभायात्रा के दौरान कायस्थ समाज की महिलाओं ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया. नर्मदापुरम में आयोजित यह भव्य आयोजन केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक ही नहीं रहा, बल्कि सामाजिक एकता, सामूहिक सहभागिता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भी जीवंत एवं प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा. इस मौके पर पंडित गोपाल प्रसाद खड्डर, पं पीयूष शर्मा, पंडित अरुण शर्मा, पंडित दिनेश तिवारी, पंडित राजेश दुबे, पंडित यज्ञदत्त तिवारी, राजेश अत्रे, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला, चित्रा शर्मा, वंदना शर्मा सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही.

## एक नजर में



### पूर्व कृषि मंत्री पटेल ने नागरिकों की सुनीं समस्याएं

**हरदा,18 अप्रैल.** भाजपा के जिला कार्यालय कमल कुंज में पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल ने समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को हरदा विधानसभा क्षेत्र के आम नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनका निराकरण किया. पूर्व मंत्री पटेल ने कहा अंतिम पंक्ति में बैठे हुए व्यक्ति तक भाजपा की डबल इंजन की सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना ही भाजपा के एक अच्छे कार्यकर्ता का कर्तव्य होता है. उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति की समस्या का समाधान हम कर पाते हैं , तब मन में जो संतुष्टि मिलती है, वह कहीं और नहीं मिल पाती है.

### जल बचेगा तो जीवन बचेगा : आर्यिकाश्री

**हरदा, 18 अप्रैल.** कोई भी प्राणी बिना जल के जीवन की कल्पना नहीं कर सकता .जल बचेगा तो जीवन बचेगा. उक्त उद्गार आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज की परम प्रभावी साधिका आर्यिकाश्री 105 विज्ञानमती माताजी ने अपने प्रवचन में व्यक्त किये. आर्यिका माताजी ने जैन धर्म के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए बताया कि जल में असंख्यात जीव होते हैं जो लघु और सूक्ष्म होते है जिन्हें सीधे आंखों से देखा नहीं जा सकता है. इसे वैज्ञानिकों ने भी प्रमाणित किया है, इसलिए जैन परंपरा में जल को छानकर और उबालकर उपयोग में लाने की परंपरा है, जिससे सूक्ष्म जीवों की रक्षा हो सके. उन्होंने समाज के प्रत्येक व्यक्ति से अपील की कि वे जल संरक्षण की दिशा में सक्रिय योगदान दें. इससे जहां जीवों की रक्षा होगी, वहीं हमारे धर्म का पालन होगा. इस अवसर पर जैन समाज के लोगों को पानी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष उपकरण 'वॉटर बेल सायरन' भी वितरित किए गए, जिन्हें पानी की टंकियों में लगाया जाएगा. इन उपकरणों के माध्यम से टंकी भरने पर संकेत मिल जाएगा, जिससे पानी का अनावश्यक बहाव रोका जा सकेगा .

### नर्मदापुरम में वकीलों के दो गुटों में मारपीट

**नर्मदापुरम, 18 अप्रैल.** मीनाक्षी चौक के पास शुक्रवार रात अधिवक्ता संघ के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई. इस घटना में संघ के कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा घायल हो गए. विवाद की शुरुआत वकीलों के वॉट्सएप ग्रुप पर आय-व्यय के हिसाब को लेकर हुई बहस से हुई थी. संघ की ओर से 20 अप्रैल को प्रस्तावित बैठक में दो साल का लेखा-जोखा प्रस्तुत करने की बात कही गई थी. इसी पर कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा ने ग्रुप में अध्यक्ष दीपक जैन से जाली के हिसाब की भी मांग कर दी .इस टिप्पणी से नाराज होकर अध्यक्ष के बेटे रोहन जैन ने कथित तौर पर अपशब्द कहे और बाद में वे अपने साथियों के साथ शर्मा के ऑफिस पहुंचे. दूसरी ओर, रोहन जैन का आरोप है कि राकेश शर्मा लगातार उनके पिता के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कर रहे थे. घटना के बाद बड़ी संख्या में वकील कोतवाली थाने पहुंच गए, जहां देर रात तक हंगामा चलता रहा. पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर लिया है .एक पक्ष की शिकायत पर अध्यक्ष दीपक जैन और उनके बेटों सहित अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ है, जबकि दूसरे पक्ष की शिकायत पर राकेश शर्मा समेत तीन लोगों पर केस किया गया है.

# स्वयं की प्रतिभा को निखारें विद्यार्थी : कलेक्टर

**▸ जिला स्तरीय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित**



**हरदा, 18 अप्रैल. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के युग में विद्यार्थियों को स्वयं की प्रतिभा निखारना जरूरी है. इसके लिए वह पूरी मेहनत के साथ अध्ययन करें. साथ ही अपने उज्ज्वल कैरियर के लक्ष्य पर फोकस करें.**

जैन शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे. समारोह में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड कक्षा में राज्य तथा जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले 15 छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया. कलेक्टर ने आगे कहा कि महाविद्यालयों में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी स्वयं में बेहतर तार्किक क्षमता विकसित करें. साथ ही अध्ययन के लिए चयनित विषयों को अपने जेहन में उतारें. अध्ययन में पूर्णता लाने के लिए अपने विषय से संबंधित ज्यादा से ज्यादा प्रश्न पूछने की क्षमता विकसित करें. दसवीं कक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी अपनी रूचि के विषय का चयन करें. उन्होंने कहा कि प्रावीण्य सूची में अव्वल स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को किंडल ई बुक रीडर भी प्रदान की जाएगी. इस बुक रीडर से विद्यार्थियों को उपयोगी किताबों को अध्ययन करने में मदद मिलेगी. साथ ही विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र आयोजित कर उन्हें बेहतर कैरियर निर्माण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा. कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थी एडवांस कोडिंग एवं एआई कोर्सेज से जरूर जुड़ें. समारोह में राज्य स्तर एवं जिला स्तर की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले जिन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. इनमें गौरव विद्या निकेतन रहटगांव की छात्रा थल वंदना मल्हारे, लक्ष्मी बाई विद्या मंदिर टिमरनी के छात्र प्रवीण मालाकार, सनराइज स्कूल टिमरनी की छात्रा हर्षिता चौरसिया, तक्षशिला एकेडमी हरदा की छात्रा तनवी शर्मा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी की छात्रा शीतल राजपूत, रेड फ्लावर स्कूल नकवाड़ा की छात्रा दिशा राजपूत, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिमरनी के छात्र जय राठौड़, मां शारदा विद्यापीठ हरदा की छात्रा आयुषी शर्मा, हरदा स्कूल आफ एजुकेशन हरदा की छात्रा भूमि नागले, डॉ. बी.आर. अंबेडकर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा के छात्र मोहित दुधे, महर्षि ज्ञानपीठ स्कूल हरदा की छात्रा सिमरन यादव, शासकीय कन्याउच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिराली की छात्रा निषाद तथा इंपीरियल पब्लिक स्कूल खिरकिया की छात्रा फाल्गुनी भैसारे शामिल है. अंत में जिला शिक्षा अधिकारी डी. एस. रघुवंशी ने आभार व्यक्त किया. इस दौरान सर्व शिक्षा अभियान के जिला कार्यक्रम समन्वयक बलवंत पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की

# दिगंबर जैन मंदिर में शांति विधान मंडल का आयोजन

**▸ आर्यिका विज्ञानमती जी का 30 साल बाद हुआ आगमन**

**हरदा, 18 अप्रैल. दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में एक भव्य और आध्यात्मिक आयोजन श्री शांति मंडल विधान विश्व कल्याण और शांति को लेकर हुआ. स्थानीय श्रीदिगंबर जैन मंदिर में आयोजित यह भव्य आयोजन परम साधिका आर्यिका श्री 105 विज्ञानमती माताजी के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ.**

जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि हरदा नगर में आर्यिकाश्री 105 विज्ञानमति माताजी ससंघ का लगभग तीस वर्ष पश्चात आगमन हुआ है .

आर्यिका माताजी के सान्निध्य में शनिवार को नगर में स्थित श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भव्य शांति मंडल विधान आयोजित किया गया, जो कि वर्तमान परिवेश में आवश्यक है. इस अवसर पर सौधर्म इंद्र का सौभाग्य राहुल शिखा गंगवाल, कुबेर इंद्र अजीत रेखा अजमेरा, महायज्ञ नायक हेमंत माया जैन, द्रव्य पुण्यार्जक वैजयंती, अभिषेक रागनी बड़जात्या सहित विभिन्न अर्घ्य का सौभाग्य अशोक बड़जात्या परिवार, चेतन लहरी, प्रदीप बजाज, अनूप बजाज, रविंद्र रपरिया, अभिषेक रपरिया, अंकित सिंघई, मिना कठनेरा, संध्या बजाज, प्रदीप अजमेरा, निलेश अजमेरा परिवार आदि को प्राप्त हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 6:30 बजे भगवान शांतिनाथ के नित्य अभिषेक एवं शांतिधारा से हुई. इसके पश्चात सुबह 7:45 बजे माताजी के सान्निध्य में मंडल विधान प्रारंभ हुआ, जिसकी पूर्णाहुति 9:25 बजे संपन्न हुई. धार्मिक श्रद्धालुओं में इस आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया. बड़ी संख्या में लोग इस पुण्य अवसर का लाभ लेने के लिए उपस्थित हुए और पूजा-अर्चना में भाग लिया.

## रेत परिवहन करते दो ट्रैक्टर जब्त

**हरदा, 18 अप्रैल.** अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की कार्यवाही कलेक्टर के निर्देशन में लगातार जारी हैं. शनिवार को सहायक खनिज अधिकारी चैनसिंह डामोर एवं खनिज निरीक्षक देवेंद्र सिंह की टीम द्वारा आकस्मिक जांच के दौरान 02 ट्रैक्टर- ट्राली, ग्राम - छीपानेर में रेत का अवैध परिवहन करते हुए पाई गई. उक्त ट्रैक्टरों में बिना रॉयल्टी रेत होने से वाहनों को जब्त कर लिया. ड्राइवर रामकृष्ण संगुले पिता महेश संगुले, निवासी - छीपानेर एवं संजय चौहान पिता मोहनलाल चौहान निवासी - तजपुरा से ट्रैक्टर जब्त किए गए.



उक्त ट्रैक्टरों के मालिक सुरेंद्र राजपूत निवासी छिपानेर एवं सतीश राजपूत निवासी छिपानेर हैं. दोनों ट्रैक्टरों के प्रकरण तैयार कर अपर कलेक्टर न्यायालय में प्रेषित किए जाएंगे.

## क्षत्रिय करणी सेना ने वृद्धाश्रम में किया कूलर दान

**पिपरिया, 18 अप्रैल.** क्षत्रिय करणी सेना पिपरिया, नर्मदापुरम क्षत्रिय एवं क्षत्राणी इकाई द्वारा वृद्धाश्रम में कूलर दान किया गया. इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और फल वितरित किए. इस अवसर पर संगठन के सदस्यों ने कहा कि समाज के बुजुर्ग हमारे अनुभव और संस्कारों की धरोहर हैं, उनकी सेवा करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है. वृद्धाश्रम प्रबंधन एवं वहां रह रहे बुजुर्गों ने इस सहयोग के लिए संगठन का आभार व्यक्त किया.

# राष्ट्र सेविका समिति का प्रारंभिक वर्ग संपन्न


**▸ समापन की पूर्व संख्या पर निकली शोभायात्रा**

**पिपरिया, 18 अप्रैल.** राष्ट्र सेविका समिति नर्मदापुरम विभाग का प्रारंभिक वर्ग संपन्न हो गया. विभाग कार्यवाहिका सीमा चोरिया, वर्ग अधिकारी सविता व्यास, जिला संघचालक शिवदयाल चौधरी और उमा चौधरी की विशेष उपस्थिति में सात दिवसीय प्रारंभिक वर्ग में लगभग 80 शिक्षार्थियों ने उपस्थित होकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और शारीरिक,बौद्धिक विकास के कार्यक्रमों की बारीकी को सीखा. समापन की पूर्व संध्या पर नगर के मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें रानी लक्ष्मी बाई, शिवाजी महाराज,जीजाबाई के पात्रों को झांकी के रूप में प्रस्तुत किया गया. शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया और मंगलवारा चौराहे से वापस होकर किरार भवन में समापन हुआ. कार्यक्रम के समापन अवसर पर नर्मदापुरम विभाग के सहकार्यवाह चाणक्य बक्शी ने मुख्यअतिथि के तौर पर बोलते हुए कहा कि मातृशक्ति ने हमेशा ही राष्ट्र निर्माण में अपनी अलग पहचान बनाई है. इतिहास में अपनी भूमिका निभाने वाली मातृशक्ति के संस्मरणों को याद किया और वर्तमान में मातृशक्ति के महत्व को प्रतिपादित किया. पंच परिवर्तन के विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने वर्तमान समय में पर्यावरण,कुटुंब प्रबोधन,स्वदेशी के भाव को समाज के हर वर्ग तक ले जाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि हमें नागरिक कर्तव्यों का पालन अवश्य करना चाहिए. कार्यक्रम में कामताप्रसाद बादल, वीरेंद्र बहादुर सिंह, स्वदेश ढ़िमोले, देवेश तोमर,संजय मिश्रा आदि का विशेष सहयोग रहा.

**आयोजन** ▸ मातृशक्ति के नेतृत्व में निकाली जाएगी शोभायात्रा

# 23 को मनाया जाएगा भगवान चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव

**▸ 100 साल से अधिक पुराना है मंदिर**

**नर्मदापुरम, 18 अप्रैल. न्याय, ज्ञान और लेखनी के अधिष्ठाता एवं कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्रकटोत्सव इस वर्ष 23 अप्रैल को अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा. कोरीघाट स्थित भगवान चित्रगुप्त का यह पावन धाम अपनी भव्य वास्तुकला और ऐतिहासिकता के लिए विख्यात है.**

100 वर्ष से अधिक पुराना होने के कारण यह पूरे संभाग का सबसे प्राचीन और एकमात्र चित्रगुप्त मंदिर है, जहां मान्यता है कि श्रद्धापूर्वक पूजन करने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं.

इस वर्ष के आयोजन की सबसे गौरवशाली विशेषता यह है कि इसका संपूर्ण नेतृत्व और प्रबंधन मातृशक्ति द्वारा किया जा रहा है. आयोजन समिति की सदस्य मंजू वर्मा, ज्योति वर्मा, सुमन वर्मा और प्रीति खरे की देखरेख में मंदिर की विशेष साज-सज्जा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है.प्रतिवर्ष की परंपरा को निभाते हुए दोपहर 4:00 बजे से भगवान श्री चित्रगुप्त जी की एक विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी. यह यात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों और चौराहों से भ्रमण करेगी, जिसमें बड़ी संख्या में चित्रांश बंधु और श्रद्धालु शामिल होंगे. कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: काल मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन, महाआरती और दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा. इसके पश्चात श्रद्धालुओं के बीच विशेष प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजन को लेकर समाज के युवाओं और महिलाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है.

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक डॉ. सीता शरण शर्मा, आचार्य सोमेश परसाई, पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा , सांसद दर्शन सिंह चौधरी, माया नारोलिया, समाजसेवी पीयूष शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू यादव शामिल होंगे.

**कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील**

आयोजक मंडल और समस्त कायस्थ समाज नर्मदापुरम ने सभी चित्रांश बंधुओं और धर्मप्रेमी जनता से आग्रह किया है कि वे इस ऐतिहासिक प्रकटोत्सव में सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें.

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बालक की मौत

**पिपरिया, 18 अप्रैल.** राईखेड़ी के पास गिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में एक बाइक सवार आ गया. इस हादसे में 2 वर्षीय बालक अभिराज ठाकुर की मौत हो गई .स्टेशन रोड पुलिस ने बताया कि सेमरी तला निवासी अभिषेक ठाकुर (25) पत्नी पूनम व बेटे अभिराज ठाकुर नयागांव जा रहे थे. नयागांव में पूनम का मायका है . राईखेडी के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को कट मार दिया, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई. अभिराज की मौके पर मौत हो गई, पूनम गंभीर रूप से घायल है. हादसे के बाद घायलों को एंबुलेंस से शासकीय अस्पताल पिपरिया लाया गया. डॉ. शोभित जैन ने बताया किअभिराज की मौके पर ही मौत हो चुकी थी.

# पांच दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव का शुभारंभ आज

**हरदा, 18 अप्रैल.** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन द्वारा पांच दिवसीय भगवान परशुराम जन्मोत्सव का शुभारंभ रविवार को होगा. समाज के महामंत्री लोकेश शर्मा एवं उत्तम तेनगुरिया ने बताया कि 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे से बड़ा मंदिर में भगवान परशुराम का पूजन,अभिषेक होगा. इसके बाद महाआरती एवं कन्याभोज होगा.

शाम को साढ़े 7 बजे से यहां विष्णु सहस्त्रनाम पाठ होगा. वहीं दोपहर 4 बजे से दयोदय गौशाला में समाजजनों द्वारा गौ पूजन एवं आरती की जाएगी. संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने सभी सामाजिक बंधुओं से कार्यक्रम में



उपस्थित होने का आग्रह किया है. सर्व ब्राह्मण समाज महिला संगठन की सचिव अदिति गुरु ने बताया कि 21 अप्रैल को दोपहर 3 बजे से बाविसा ब्राह्मण समाज धर्मशाला में बालक बालिकाओं का टैलेंट शो होगा,इसके बाद धार्मिक एवं ऐतिहासिक किरदारों पर आधारित फैंसी ड्रेस प्रोग्राम होगा.